# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

**32, हार्डिंग रोड, पटना–800001**

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं. : 2231562, वेबसाईट : https://bsea.bihar.gov.in, ई-मेल : bseapatna@gmail.com

पटना/ दिनांक : 27/03/2025

## अधिसूचना

संख्या–नि॰प्रा॰/ नि॰ 1–28/2023 982 प्राधिकार की अधिसूचना संख्या–2425 दिनांक 27.12.2023 द्वारा **पटना जिला के पटना सदर प्रखंड अन्तर्गत वेलफेयर हाउसिंग को–ऑपरेटिव सोसाईटी लि॰** का निर्वाचन कार्यक्रम निर्धारित किया गया था। मतदाता सूची पर प्राप्त शिकायत के आलोक में उक्त समिति का निर्वाचन प्राधिकार की अधिसूचना संख्या 76 दिनांक 12.01.2024 द्वारा स्थगित किया गया था।

2. अतः जाँचोपरान्त प्राप्त निष्कर्ष के आलोक में **पटना जिला के पटना सदर प्रखंड अन्तर्गत वेलफेयर हाउसिंग को–ऑपरेटिव सोसाईटी लि॰** के निर्वाचन कार्यक्रम को अधिसूचना संख्या– 2425 दिनांक 27.12.2023 (छायाप्रति संलग्न) के क्रम में नामांकन के स्तर से निम्नवत् पुनर्निर्धारित किया जाता है :–

| क्रमांक | निर्वाचन के प्रक्रम | तिथि |
|---|---|---|
| (i) | निर्वाचन कार्यक्रम से संबंधित सूचना का प्रकाशन | 29.03.2025 (शनिवार) |
| (ii) | नामांकन की तिथि एवं समय | 03.04.2025 (गुरूवार) एवं 04.04.2025 (शुक्रवार)<br>11:00 बजे पूर्वाह्न से 03:00 बजे अपराह्न तक |
| (iii) | संवीक्षा की तिथि एवं समय | 07.04.2025 (सोमवार) एवं 08.04.2025 (मंगलवार)<br>11:00 बजे पूर्वाह्न से 03:00 बजे अपराह्न तक |
| (iv) | अभ्यर्थिता वापसी/ प्रतीक आवंटन की तिथि | 11.04.2025 (शुक्रवार)<br>11:00 बजे पूर्वाह्न से 03:00 बजे अपराह्न तक |
| (v) | मतदान, अगर आवश्यक हो | 21.04.2025 (सोमवार)<br>07:00 बजे पूर्वाह्न से 04:30 बजे अपराह्न तक |
| (vi) | मतगणना | 21.04.2025 (सोमवार)<br>(मतदान के तुरंत पश्चात्) |
| (vii) | निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति | 24.04.2025 (गुरूवार) |

3. उक्त निर्वाचन कार्यक्रम के संबंध में **वेलफेयर हाउसिंग को–ऑपरेटिव सोसाईटी लि॰, पटना सदर** के मतदाताओं के बीच व्यापक प्रचार–प्रसार यथा– माइकिंग, ढोल पिटवाकर एवं सरकारी भवनों पर इश्तेहार आदि चिपकाकर किया जाएगा। संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी –सह– निर्वाचन पदाधिकारी (स॰स॰), पटना सदर निर्वाचन कार्यक्रम का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित करेंगे एवं इसका अनुपालन प्रतिवेदन दिनांक 01.04.2025 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

4. बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार द्वारा निरूपित आदर्श आचार संहिता निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति अर्थात् दिनांक 24.04.2025 तक लागू रहेगी। आदर्श आचार संहिता से संबंधित अनुदेश "सहकारी समितियों के निर्वाचन हेतु निर्वाचन पदाधिकारियों के लिए हस्तपुस्तिका" के पृष्ठ 134–142 पर देखा जा सकता है।

5. अधिसूचना संख्या– 2425 दिनांक 27.12.2023 की शेष बातें यथावत् रहेंगी।

आशुतोष
27-3-25

**अनुलग्नकः यथोक्त।**

**(आशुतोष कुमार)**
अवर सचिव

ज्ञापांक : 982 /पटना, दिनांक 27/03/2025

प्रतिलिपि : ई–गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित अधिसूचना की 50 प्रतियाँ प्राधिकार को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

आशुतोष 27-3-25
अवर सचिव

ज्ञापांक : 982 /पटना, दिनांक 27/03/2025

प्रतिलिपि : प्रमंडलीय आयुक्त, पटना/ जिला पदाधिकारी –सह– जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स॰स॰), पटना/ उप विकास आयुक्त –सह– नोडल पदाधिकारी (स॰स॰), पटना/ पुलिस अधीक्षक, पटना/ अपर समाहर्त्ता, पटना/जिला सहकारिता पदाधिकारी, पटना/ प्रखंड विकास पदाधिकारी –सह– निर्वाचन पदाधिकारी (स॰स॰), पटना सदर, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. जिला पदाधिकारी –सह– जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स॰स॰), पटना से अनुरोध है कि चुनाव कार्यक्रम की प्रतियाँ अपने स्तर से भी संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी –सह– निर्वाचन पदाधिकारी (स॰स॰) को ससमय उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

आशुतोष 27-3-25
अवर सचिव

ज्ञापांक : 982 /पटना, दिनांक 27/03/2025

प्रतिलिपिः अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

आशुतोष 27-3-25
अवर सचिव

ज्ञापांक : 982 /पटना, दिनांक 27/03/2025

प्रतिलिपिः अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि विधि–व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने स्तर से कृपया निदेश निर्गत करना चाहेंगे।

आशुतोष 27-3-25
अवर सचिव

ज्ञापांक : 982 /पटना, दिनांक 27/03/2025

प्रतिलिपिः मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना का कोषांग/ परामर्शी/ अवर सचिव/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. प्रशाखा पदाधिकारी (स्थापना) को इस निदेश के साथ प्रेषित कि निर्वाचन की तिथि को कंट्रोल रूम बनाने का आदेश निर्गत कराना सुनिश्चित करेंगे।

आशुतोष 27-3-25
अवर सचिव

ज्ञापांक : 982 /पटना, दिनांक : 27/03/2025

प्रतिलिपिः MIS कोषांग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। श्री वेद प्रकाश, आई. टी. प्रोफेशनल, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार को निदेश है कि इस कार्यक्रम के अनुसार वेबसाईट से संबंधित अनुवर्ती कार्रवाई ससमय करना सुनिश्चित करेंगे।

आशुतोष 27-3-25
अवर सचिव

# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना-800001

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं० : 2231562, वेबसाईट : bsea.bihar.gov.in, Email: bseapatna@gmail.com

424

पटना/ दिनांक 27/12/2023

## अधिसूचना

संख्या-नि० प्रा०/नि० 1-38/2023 2425 चूँकि बिहार सहकारिता अधिनियम, 1935 की धारा 14 (क) में किये गये संशोधन एवं सहकारिता विभाग, बिहार सरकार की अधिसूचना संख्या-1273 दिनांक 01.03.2012 के क्रम में उक्त अधिनियम के तहत निबंधित सहकारी समितियों के प्रबंधकारिणी समिति, जो या तो अधिक्रमित/ विघटित हैं या जिनकी कालावधि समाप्त होने वाली है, का निर्वाचन बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के नियंत्रण, निदेशन एवं पर्यवेक्षण के अधीन कराया जाना है।

2. और, चूंकि उक्त परिप्रेक्ष्य में प्राधिकार द्वारा **अनुलग्नक-1 में अंकित 08 सहकारी गृह निर्माण समितियों के प्रबंधकारिणी समिति का निर्वाचन कराने का निर्णय लिया गया है।**

3. अतः बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार अधिनियम, 2008 की धारा-4 एवं बिहार सहकारिता अधिनियम, 1935 (यथा संशोधित, 2008) की धारा 14 'क' तथा सुसंगत नियमावलियों के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य निर्वाचन प्राधिकार एतद् द्वारा संलग्न **अनुलग्नक-1** में अंकित सहकारी समितियों के उनकी उपविधियों में यथा वर्णित पदों के निर्वाचन हेतु सविरोध निर्वाचन की स्थिति में, मतदान हेतु **दिनांक 30.01.2024 (मंगलवार)** की तिथि नियत करता है तथा संबंधित समिति के मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे संगत अधिनियम/ नियमावली/ प्राधिकार के निदेशों के अधीन समिति के पदधारकों को निर्वाचित करें। ज्ञातव्य है कि इस उद्देश्य हेतु प्राधिकार के **पत्र संख्या- 2280 दिनांक 04.12.2023** द्वारा मतदाता सूची तैयार करने के लिए **कट-ऑफ तिथि 30.11.2023** निर्धारित की गयी है एवं तदनुसार मतदाता सूची का **अंतिम प्रकाशन दिनांक 23.12.2023** को संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा किया जाना निर्धारित था।

4. अनुलग्नक-1 में अंकित समितियों के निर्वाचन हेतु निम्नांकित कार्यक्रम नियत किया जाता है:-

| | | |
|---|---|---|
| (i) | निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रपत्र-ई० 1 में सूचना का प्रकाशन | 30.12.2023 (शनिवार) |
| (ii) | नामांकन की तिथि एवं समय | 16.01.2024 (मंगलवार) एवं 18.01.2024 (गुरूवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (iii) | संवीक्षा की तिथि एवं समय | 19.01.2024 (शुक्रवार) एवं 20.01.2024 (शनिवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (iv) | अभ्यर्थिता वापसी/ प्रतीक आवंटन की तिथि | 23.01.2024 (मंगलवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (v) | मतदान, अगर आवश्यक हो | 30.01.2024 (मंगलवार)<br>7:00 बजे पूर्वाह्न से 4:30 बजे अपराह्न तक |
| (vi) | मतगणना | 30.01.2024 (मंगलवार)<br>(मतदान के तुरंत पश्चात्) |
| (vii) | निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति | 01.02.2024 (गुरूवार) |

५२७

5. निर्वाचन पदाधिकारी प्रबंधकारिणी समिति के विभिन्न पदों के निर्वाचन के लिए **प्रपत्र-ई० 1** में आवश्यक प्रविष्टियां अंकित कर सूचना **दिनांक 30.12.2023** को निर्गत करना सुनिश्चित करेंगे।

6. **निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्राधिकार के वेबसाईट http://bsea.bihar.gov.in/ पर ऑनलाईन के माध्यम से विभिन्न अवधियों में निम्न सूचनाओं को प्रविष्ट किया जाना तथा अंतिम मतदाता सूची को अपलोड किया जाना अनिवार्य है। <u>यदि निम्न सूचनाओं की प्रविष्टि नहीं की जायेगी, तो प्राधिकार इसे काफी गंभीरता से लेगा-</u>**

| क्र० | सूचना प्रविष्ट/ अपलोड किये जाने का समय | प्रविष्ट/ अपलोड किये जाने वाली सूचना |
|---|---|---|
| i. | सूचना के प्रकाशन की तिथि के तुरंत पश्चात् | ई0-1 में सूचना का प्रकाशन किया गया अथवा नहीं (हाँ अथवा नहीं में), की सूचना को प्रविष्ट करना है। |
| ii. | संवीक्षा की तिथि के तुरंत पश्चात | निर्वाचन से संबंधित सविरोध/ निर्विरोध/ मतदान स्थगित/ मतदाताओं की संख्या, को प्रविष्ट करना है। |
| iii. | मतदान के दिन विभिन्न अवधियों में | मतदाताओं द्वारा दिये गये मतों की संख्या (मतदान प्रतिशत की गणना सर्वर द्वारा स्वत: ही कर लिया जायेगा), को प्रविष्ट करना है। |
| iv. | निर्वाचन परिणाम के अगले दिन तक | निर्वाचन पदाधिकारी का हस्ताक्षर युक्त सविरोध/ निर्विरोध निर्वाचित अभ्यर्थियों की सूची (प्रपत्र ई0-18), को अपलोड करना एवं तदोपरांत प्राधिकार के ई-मेल bseapatna@gmail.com पर भेजना है। |
| v. | मतगणना के पश्चात् एक सप्ताह के अंदर | पब्लिक डोमेन में सुरक्षित रखने हेतु अद्यतनीकरण के पश्चात् की अंतिम मतदाता सूची (जिस पर निर्वाचन पदाधिकारी का हस्ताक्षर अनिवार्य है) को प्राधिकार के पत्र-469 दिनांक 25.02.2021 में दिये गये निर्देशों के अनुरूप स्कैन कर प्राधिकार के वेबसाईट पर अपलोड करना है। |

**<u>7. प्रपत्र ई०-1 में सूचना के प्रकाशन की प्रविष्टि प्राधिकार के वेबसाईट पर निर्धारित समय पर नहीं किये जाने की स्थिति में प्राधिकार उक्त समिति का निर्वाचन स्थगित कर देगा।</u> अभ्यर्थिता वापसी की तिथि के तुरंत पश्चात् निर्वाचन से संबंधित सविरोध/ निर्विरोध/ मतदान स्थगित/ मतदाताओं की संख्या की प्रविष्टि नहीं किये जाने की स्थिति में भी उक्त कार्य के लिए निर्धारित तिथि के तीन दिनों के पश्चात् संबंधित समिति का चुनाव प्राधिकार द्वारा स्थगित कर दिया जायेगा। यदि उक्त ऑनलाईन सूचनाओं के अभाव में संबंधित समिति का चुनाव स्थगित किये जाने की स्थिति उत्पन्न होती है, तो उसके लिए संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी जवाबदेह होंगे और इसके लिए उनके विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई की अनुशंसा उनके प्रशासी विभाग से की जायगी।**

8. बिहार सहकारी सोसाईटी (संशोधन) अधिनियम (बिहार अधिनियम 06, 2013) द्वारा अधिनियम VI, 1935 की धारा-14 में किये गये संशोधन के आलोक में प्रबंधकारिणी समिति के निर्वाचन में आरक्षण के बिन्दु पर निम्न निदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा :-

(i) निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना के पत्रांक-4992 एवं 4996 दिनांक 01.11.2013 के अनुसार सीधे निर्वाचित होने वाले एकल पदों (यथा अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष आदि) पर आरक्षण लागू नहीं होगा किन्तु इन पदों की गणना निदेशक मंडल के लिए

होगी और पूरे निदेशक मंडल पर आरक्षण प्रावधान लागू होगा। जैसे बारह सदस्यीय निदेशक मंडल में अध्यक्ष, सचिव पद आदि सीधे निर्वाचन से होना हो तब भी इन दो पदों को अनारक्षित मानते हुए अवशेष दस पदों में से छः पद आरक्षित होंगे।

(ii) सहकारी समिति के प्रबंधकारिणी समिति में अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के लिए 2 (दो) स्थान, पिछड़े वर्गों के लिए 2 (दो) स्थान और अति पिछड़े वर्गों के लिए 2 (दो) स्थान आरक्षित किये जायेंगे।

(iii) उपर्युक्त आरक्षित स्थानों की कुल संख्या प्रबंधकारिणी समिति के कुल स्थानों के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।

(iv) अगर समिति में उपर्युक्त आरक्षित कोटियों के कोई सदस्य नहीं हैं, तो आरक्षित पद खाली रहेंगे।

(v) अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग में प्रत्येक कोटि के लिए अलग-अलग आरक्षित स्थानों की कुल संख्या के 50 प्रतिशत के यथाशक्य निकटतम, किन्तु 50 प्रतिशत से किसी भी परिस्थिति में अधिक नहीं, स्थान उपर्युक्त आरक्षित कोटियों की महिलाओं के लिए आरक्षित किये जायेंगे। अगर समिति की उपर्युक्त कोटियों में कोई महिला सदस्य नहीं है, तो ये पद खाली रहेंगे।

(vi) अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति/ पिछड़ा वर्ग/ अति पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित स्थानों को छोड़कर प्रबंधकारिणी समिति में जो शेष स्थान बच जाते हैं, उन स्थानों की कुल संख्या के 50 प्रतिशत के यथाशक्य निकटतम, किन्तु किसी भी परिस्थिति में इससे अधिक नहीं, स्थान महिलाओं के लिए आरक्षित किये जायेंगे। स्पष्ट किया जाता है कि इन स्थानों के लिए सामान्य कोटि की महिलाओं के अतिरिक्त अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति/ पिछड़ा वर्ग/ अति पिछड़ा वर्ग की वैसी महिलाएँ भी अपना नामांकन भर सकेगी, जिन्होंने आरक्षित कोटि वर्ग से अपनी उम्मीदवारी पेश नहीं की है। अगर इस कोटि में कोई महिला सदस्य नहीं हैं, तो महिलाओं के लिए आरक्षित पद खाली रहेंगे।

(vii) जिन समितियों में निर्वाचित होने वाले पदों की संख्या 12 से कम होंगी, उनमें निबंधक, सहयोग समितियाँ के पत्रांक 4992 दिनांक 01.11.2013 के आलोक में पदों की संख्या 12 मानकर एवं तदनुसार उपर वर्णित आरक्षण के प्रावधानों को लागू कर निर्वाचन संपन्न कराया जायेगा।

9. जिन समितियों का निर्वाचन कार्यक्रम अधिसूचित किया जा रहा है, उन समितियों के संबंध में संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी संवीक्षा की तिथि को **प्रपत्र-ई॰ 3** (नए प्रकाशित निर्वाचन पदाधिकारियों के लिए हस्तपुस्तिका में उल्लिखित) में विधिमान्यतः नामनिर्दिष्ट अभ्यर्थियों की सूची तथा मतगणना की तिथि को **प्रपत्र-ई॰ 18** में निर्वाचित सदस्यों की सूची उन्हीं तिथियों को फैक्स **(0612-2231562)** अथवा ई-मेल **(bseapatna@gmail.com)** द्वारा प्राधिकार को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

10. <u>**निर्वाचन संपन्न होने के पश्चात् अंतिम मतदाता सूची (अद्यतनीकरण के पश्चात्) को प्राधिकार के वेबसाइट पर एक सप्ताह के अंदर अपलोड किया जाना है।**</u> इससे संबंधित प्राधिकार के पत्रांक 469 दिनांक 25.02.2021 एवं पत्रांक 530 दिनांक 03.03.2021 तथा इस पत्र के साथ संलग्न दिशा-निर्देश सभी पदाधिकारियों को पूर्व में भी संसूचित किया जा चुका है। ये पत्र प्राधिकार के वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं।

421

11. कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के दृष्टिकोण से प्राधिकार के पत्रांक **1442** दिनांक **02.07.2020** द्वारा **700** मतदाताओं के वजाय **450** मतदाताओं पर मतदान केन्द्र बनाने के निर्णय को संशोधित करते हुए पूर्व की भांति **700** मतदाताओं पर एक मतदान केन्द्र बनाने का निर्णय लिया गया है। मतदान के समय भीड़-भाड़ से बचने हेतु मतदान का समय भी विस्तारित करके **7:00** बजे पूर्वाहन से **4:30** बजे अपराह्न तक किया गया है। इस संबंध में प्राधिकार के पत्रांक 1442 दिनांक 02.07.2020 द्वारा निर्गत दिशा निर्देश इस हद तक संशोधित समझा जायेगा।

12. समिति के चुनाव क्षेत्र के किसी भी हिस्से को दिनांक **30.12.2023** के बाद यदि कंटेन्मेंट जोन घोषित किया जाता है या पूर्व से घोषित कंटेन्मेंट जोन की अवधि दिनांक **30.12.2023** के बाद समाप्त हो रही हो, तो जिला निर्वाचन पदाधिकारी संबंधित समिति के चुनाव को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर देंगे एवं इसकी घटनोत्तर स्वीकृति प्राधिकार से प्राप्त करेंगे। कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के दृष्टिकोण से या किसी अन्य कारण से भी किसी समिति के चुनाव को स्थगित करने की स्थिति बनती है, तो जिला निर्वाचन पदाधिकारी प्राधिकार को इसकी अनुशंसा कर अनुमोदन प्राप्त करेंगे। यदि पूर्व से घोषित मतदान केन्द्र कंटेन्मेंट जोन के अन्तर्गत आ जाते हैं, तो निर्वाचन पदाधिकारी जिला पदधिकारी के अनुमोदन से मतदान केन्द्र बदल देंगे और इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करेंगे।

13. कोरोना वायरस का प्रभाव अभी समाप्त नहीं हुआ है, इसलिए संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी मतदान एवं मतगणना केन्द्र पर कोरोना संक्रमण से संबंधित राज्य सरकार द्वारा जारी किये गये निरोधात्मक उपायों एवं सामान्य मानक प्रक्रिया का ध्यान रखेंगे तथा यह व्यवस्था सुनिश्चत करेंगे कि मतदान एवं मतगणना केन्द्र पर भीड़-भाड़ की स्थिति उत्पन्न न हो एवं सामाजिक दूरी बनी रहे। पंक्तिवद्ध होने की स्थिति में एक-दूसरे के बीच मानक दूरी बनाये रखा जाय तथा मतदाताओं के हाथ को हैंड सेनिटाईजर/ साबून पानी से साफ किये जाने आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाय। मतदान केन्द्र पर कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए संलग्न परिशिष्ट में अंकित व्यवस्थाएँ भी सुनिश्चित की जायगी। हैंड सेनिटाईजेशन/ साबून पानी से हाथ साफ कराने के लिए निर्वाचन पदाधिकारी एक अतिरिक्त कर्मी की व्यवस्था करेंगे, जिसके भुगतान के लिए प्राधिकार द्वारा राशि का आवंटन किया जायेगा।

14. बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार द्वारा निरूपित आदर्श आचार संहिता निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति अर्थात दिनांक 01.02.2024 तक लागू रहेगी। आदर्श आचार संहिता से संबंधित अनुदेश '' सहकारी समितियों के निर्वाचन हेतु निर्वाचन पदाधिकारियों के लिए हस्तपुस्तिका'' के पृष्ठ 122-129 पर देखे जा सकते हैं।

**अनुलग्नकः यथोक्त।**

(पुरूषोत्तम पासवान)
सचिव।

ज्ञापांक : 2425 पटना/ दिनांक 27/12/2023

प्रतिलिपि : ई-गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित अधिसूचना की 50 प्रतियाँ प्राधिकार को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

सचिव।

ज्ञापांक : 2425 पटना/ दिनांक 27/12/2023

प्रतिलिपि : जिला सहकारिता पदाधिकारी, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. उनसे अनुरोध है कि वे संबंधित समिति की उपविधियाँ दिनांक 29.12.2023 तक निश्चित रूप से संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०) को उपलब्ध करा देने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे तथा उपविधियों के आधार पर जिन-जिन पदों के लिए निर्वाचन कराया जाना है, उसका विवरण भी अधिसूचना में निहित निदेशों के अनुसार आरक्षित पदों की स्थिति सहित निर्वाचन पदाधिकारी को लिखित रूप में उपलब्ध करा देंगे। साथ ही इस कार्यक्रम की सूचना अपने स्तर से भी संबंधित समितियों को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

सचिव।

ज्ञापांक : 2425 पटना/ दिनांक 27/12/2023

प्रतिलिपि : प्रमंडलीय आयुक्त, पटना/ जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०), पटना/ पुलिस अधीक्षक, पटना/अपर समाहर्त्ता, पटना/ प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०), पटना सदर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. प्रमंडलीय आयुक्त, पटना से अनुरोध है कि पैक्स चुनाव की भांति इस चुनाव में भी पर्यवेक्षक (Observer) की नियुक्ति दिनांक 10.10.2024 तक करना सुनिश्चित करेंगे।

3. जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०), पटना से अनुरोध है कि वे इस चुनाव कार्यक्रम की प्रतियां अपने स्तर से भी ससमय प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०), पटना सदर को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

सचिव।

ज्ञापांक : 2425 पटना/ दिनांक 27/12/2023

प्रतिलिपिः अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ अपर मुख्य सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक : 2425 पटना/ दिनांक 27/12/2023

प्रतिलिपिः अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि विधि-व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने स्तर से कृपया निदेश निर्गत करना चाहेंगे।

सचिव।

ज्ञापांक : 2425 पटना/ दिनांक 27/12/2023

प्रतिलिपिः मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के कोषांग/ सचिव/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. प्रशाखा-2 (स्थापना) को इस निदेश के साथ प्रेषित कि निर्वाचन की तिथि को कंट्रोल रूम बनाने का आदेश निर्गत कराना सुनिश्चित करेंगे।

सचिव।

अनुलग्नक-1

## निर्वाचन हेतु विभिन्न सहकारी समितियों की सूची

| क्र० | जिला | प्रखंड | सहकारी समितियों का नाम |
|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** |
| 1 | पटना | पटना सदर | नवनीत सहकारी गृह निर्माण समिति लि0 |
| 2 | पटना | पटना सदर | पार्क भीउ सहकारी गृह निर्माण समिति लि0 |
| 3 | पटना | पटना सदर | शिवपुरी सहकारी गृह निर्माण समिति लि0 |
| 4 | पटना | पटना सदर | अलीनगर सहकारी गृह निर्माण समिति लि0 |
| 5 | पटना | पटना सदर | वेलफेयर हाउसिंग कॉपरेटिव सोसाईटी लि0 |
| 6 | पटना | पटना सदर | सुमन सहकारी गृह निर्माण समिति लि0 |
| 7 | पटना | पटना सदर | श्री विष्णु रथ सहकारी गृह निर्माण समिति लि0 |
| 8 | पटना | पटना सदर | आरक्षी कर्मचारीगण गृह निर्माण समिति लि0 |